उत्तर प्रदेश शासन

गोपन अनुभाग-8

संख्या:1/917/25-8-2014-17(8)/2013

लखनऊ:दिनांक: 24 सितम्बर, 2014

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

शासनादेश संख्या-467/25-8-2014-17(8)/2013, दिनांक: 21 मई, 2014 के क्रम में श्री राज्यपाल महोदय मुख्य सचिव के अभिसूचना के स्रोतों के विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 के आठ माह (अगस्त, 2014 से मार्च, 2015 तक) के लिए वित्तीय (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप सं0-बी-1-795/दस-2014-231/2014, दिनांक:14 मार्च, 2014 में उल्लिखित शर्तों के अधीन रूपया 7,00,000/- (रूपए सात लाख मात्र) की धनराशि आवंटित करते हुए उसे नियमानुसार व्यय करने की स्वीकृति प्रदान करते हैं। इसके नियन्त्रण अधिकारी मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन होंग।

2- मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गुप्त सेवा व्यय के देयकों का आहरण जवाहर भवन, कोषागार, लखनऊ से डी0डी0ओ0 कोड संख्या-2620 से किया जाएगा। इस सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-बी-1-1148/दस-2011, दिनांक 20 अप्रैल, 2011 (प्रति संलग्न) द्वारा आदेश निर्गत किए गए हैं।

3- चूंकि उक्त व्यय की संपरीक्षा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद द्वारा नहीं की जाती है। इसलिए यह विशेष रूप से आवश्यक है कि जो व्यय किया जाए वह पूरी छानबीन के उपरान्त किया जाए। इस सन्दर्भ में धन का आहरण तथा व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-206 में निर्धारित प्रक्रिया एवं संप्रेक्षा की व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा।

4- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-30 के गोपन विभाग (राजस्व व विशिष्ट अभिसूचना निदेशालय तथा अन्य व्यय) के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-"2052-सचिवालय-

http://Shasanadesh.up.nic.in

सामान्य सेवायें-आयोजनेत्तर-090-सचिवालय-03-मुख्य सचिवालय-0301-अभिसूचना के स्रोतों का विकास-23-गुप्त सेवा व्यय" के नामे डाला जायेगा।

संलग्नक:यथोक्त।

(आलोक कुमार)
सचिव।

संख्या: 917(1)/25-8-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(2) निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) वित्त (लेखा) अनुभाग-1
(5) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
(6) वित्त (व्यय-नियन्त्रक) अनुभाग-12

आज्ञा से,

(मुनीन्द्र कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://Shasanadesh.up.nic.in